**रेखा गुप्ता**
**मुख्यमंत्री**

सत्यमेव जयते

नमस्कार,

यह संदेश मैं आपसे एक मुख्यमंत्री ही नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में साझा कर रही हूँ - जो हमारी दिल्ली को स्वच्छ, हरित और ऊर्जा-कुशल भविष्य की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

बीते वर्षों में दिल्ली वासियों ने सौर उर्जा, ऊर्जा कुशल उपकरण और प्रदूषण नियंत्रण उपायों को अपनाकर सराहनीय जागरूकता दिखाई है। ये प्रयास न केवल व्यक्तिगत स्तर पर लाभकारी है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अनमोल है ।

### 1. सोलर प्लांट् लगाएं, और बिजली बिल को शून्य करें

भारत सरकार की **प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना** और दिल्ली सरकार की पूंजीगत सब्सिडी एवं **5 वर्षों के लिए Generation-Based Incentive (GBI )** के साथ रूफटॉप सोलर लगाना अब पहले से कहीं अधिक किफायती हो गया है । बैंक भी 6.50-7 % की ब्याज दर पर दस वर्षों तक की आसान शर्तो पर ऋण उपलब्ध करा रहे हैं । जिससे रूफटॉप सोलर लगाना और भी व्यावहारिक हो गया है ।

उदाहरणत:, यदि आप 3 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट लगाते हैं तो उसकी अनुमानित लागत ₹2,00,000 होगी, जिसमें सरकार द्वारा लगभग ₹1,08,000 की सब्सिडी दी जाएगी तथा उपभोक्ता द्वारा ₹92,000 की राशि वहन की जाएगी । अगर किसी उपभोक्ता की मासिक बिजली खपत 500 यूनिट है, तो वह 3 किलोवाट का सोलर प्लांट स्थापित करके बिलकुल शून्य बिजली बिल पा सकता है। इससे मासिक बचत लगभग ₹2904-3282* होगी एवं 5 वर्षों तक लगभग ₹900 मासिक GBI भी मिलेगा ।

***वार्षिक बचत** (₹ में) पीपीएसी भिन्नता के कारण डिस्कॉम के अनुसार अलग-अलग होता है।

### 2. छोटे कदम,बड़ी बचत

- एसी को 24°C पर सेट करें — हर 1°C बढ़ाने पर लगभग 6% बिजली की बचत होती है।
- पाँच-स्टार रेटेड AC और BLDC (Brushless Direct Current) पंखों का उपयोग करें।

| उपकरण | अनुमानित वार्षिक बचत (₹ में)* | अनुमानित बचत /वर्ष (यूनिट) |
|---|---|---|
| स्प्लिट AC | ₹24696-34423 | 3,000 यूनिट |
| विंडो AC | ₹23049-32058 | 2,800 यूनिट |
| BLDC पंखा | ₹911-1831 | 160 यूनिट |

* **वार्षिक बचत** (₹ **में**) डिस्कॉम और टैरिफ श्रेणी के अनुसार अलग-अलग होता है

हमारे माननीय प्रधानमंत्री के विज़न और आपकी नई सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप, मैं सभी दिल्लीवासियों से अपील करती हूँ कि रूफ टॉप सोलर एवं ऊर्जा-कुशल उपकरण अपनाएँ और अपने घरों में स्मार्ट और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील निर्णय लें।

ये छोटे-छोटे कदम न सिर्फ आपके बिजली बिल घटाएँगे, बल्कि दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर भी बनाएँगे।

**आइए, मिलकर दिल्ली को रोशन करे - जिम्मेदारी और गर्व के साथ ।**

Rekha Gupta

**रेखा गुप्ता**
**मुख्यमंत्री, दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, दिल्ली सचिवालय, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली-110002
फ़ोन - 011-23392020, 011-23392030 || ईमेल - cmdelhi@nic.in